The Disaster Management (Amendment) Bill, 2024 ? under Consideration

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री **(श्री नित्यानन्द राय):** माननीय सभापति जी, मैं माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी की ओर से यह प्रस्ताव* करता हूं

?कि आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 का संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए । ?

माननीय सभापति **:** आप इस विधेयक पर कुछ बोलना चाहते हैं तो बोलिए ।

श्री नित्यानन्द राय**:** सभापति महोदय, भारत विभिन्न प्रकार की आपदाओं को झेलता है । भारत के लगभग सभी हिस्सों में किसी भी मौसम में आपदाएं आती रहती हैं, यह भारत ने देखा है । वर्ष 2047 तक माननीय प्रधानमंत्री जी का संकल्प है कि भारत को विकसित भारत बनाना है । उस संकल्प को पूरा करने के लिए ?जीरो कैजुअल्टी एप्रोच? की नीति के साथ सरकार काम कर रही है ।

आपदाओं से काफी नुकसान होता है लेकिन यह सच है कि गत वर्षों में जब से माननीय नरेन्द्र मोदी जी की सरकार बनी है, कुशल आपदा प्रबंधन के कारण नुकसान में काफी कमी आई है । जान-मान के नुकसान को देखें तो सुपर साइक्लोन में जहां 10,000 लोगों की जानें गई थीं, वहां ?बीपरजॉय? और ?दाना? में जीरो मानवीय क्षति हुई ।

महोदय, वर्ष 2005 में आपदा प्रबंधन अधिनियम आया और इसके क्रियान्वयन में राज्यों को कई बाधाएं और कठिनाइयां महसूस हुईं । उन बाधाओं और कठिनाइयों को दूर करने के लिए कई राज्यों ने गृह मंत्रालय का ध्यान आकृष्ट किया । आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों, सरकार के मंत्रालयों, विभागों और कार्यकारी समितियों के बीच प्रभावी कार्यात्मक एकीकरण की आवश्यकता महसूस की गई जिसके कारणवश माननीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी इस सदन में आपदा प्रबंधन संशोधन विधेयक, 2024 लेकर आए ।

महोदय, इस संशोधन विधेयक के कुछ उद्देश्य हैं, मैं इनके बारे में माननीय सदन को जरूर बताना चाहूंगा । आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में कार्य कर रहे प्राधिकरण और समितियों की भूमिकाओं में और अधिक स्पष्टता एवं कन्वर्जेंस लाने के लिए यह विधेयक जरूरी है । राष्ट्रीय संकट प्रबंधन समिति, उच्च स्तरीय समिति और अधिनियम पूर्व कतिपय संगठनों को वैधानिक स्टेटस प्रदान करना भी इस संशोधन विधेयक का उद्देश्य है । इसका उद्देश्य राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरणों के दक्ष कार्यकरण को सुदृढ़ करना है । इस संशोधन विधेयक के और मुख्य उद्देश्य हैं - राष्ट्रीय और राज्य स्तर पर आपदा डेटा बेस सृजित करने का उपबंध करना, राज्यों की राजधानी और बड़े शहरों, जिनमें नगर निगम है, के लिए शहरी आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के गठन का उपबंध करना और राज्य सरकार द्वारा राहत आपदा प्रतिक्रिया बल के गठन का उपबंध करना ।

महोदय, आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में जो कदम उठाए गए हैं, उनके परिणाम बहुत अच्छे आए हैं लेकिन राज्यों और अन्य हितधारकों द्वारा कुछ कमियां महसूस की गई हैं इसलिए यह

संशोधन विधेयक लाना आवश्यक है । भारत सरकार को महसूस हुआ कि इस विधेयक को लाकर कमियों को दूर कर सकते हैं और आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ कर सकते हैं । विगत कई वर्षों में, खासकर वर्ष 2014 के बाद आपदा प्रबंधन के तहत उठाए गए कदमों के बारे में मैं माननीय सदन को अवगत कराना चाहता हूं । माननीय गृह मंत्री जी माननीय प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व में जो कदम उठाए गए और आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में जो परिणाम आए हैं, मैं संक्षिप्त में इसके बारे में चर्चा करना चाहूंगा ।

महोदय, वर्ष 2016 में एनडीए द्वारा पहली राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन योजनाएं विकसित की गईं और इन योजनाओं की पूरे देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में कई सम्मेलनों के माध्यम से सराहना की गई है । माननीय प्रधान मंत्री जी ने वर्ष 2016 में एशियाई मंत्रिस्तरीय सम्मेलन के दौरान डीआरआर पर 10-सूत्री एजेंडा जारी किया ।

यह आज दुनिया भर में आपदा के क्षेत्र में एक सूत्र बन गया है । वर्ष 2019 में सीडीआरआई का शुभारंभ हुआ । अब तक 40 देश और 7 अन्य संगठन इसके सदस्य बन चुके हैं । 350 जिलों में एक लाख स्वयंसेवी आपदा मित्र को प्रशिक्षित कर तैनात किया गया है । एनडीआरएफ में चार बटालियनों को बढ़ाया गया है । कुल बटालियन अब 16 हैं । चक्रवात के लिए सामान्य एलर्ट प्रोटोकॉल योजना के माध्यम से तत्काल एलर्ट किया जाता है । वर्षा और बांध एवं नदियों के जलस्तर पर एवं सभी आपदाओं के पूर्वानुमान पर पूर्व चेतावनी पहले 3 दिन हुआ करती थी, अब वह 7 दिन हो गई है । 7 दिन पूर्व ही हम चेतावनी दे देते हैं । राष्ट्रीय चक्रवात से बचाव हेतु शमन परियोजना के अंतर्गत तटीय राज्यों में पूर्व चेतावनी प्रणालियां स्थापित की गई हैं ।

माननीय गृह मंत्री जी ने वर्ष 2019 में एक बड़ा निर्णय लिया । पहले जब कोई आपदा आती थी, तो जब तक वहां से आवेदन नहीं आता था, तब तक कोई टीम असेसमेंट के लिए नहीं जाती थी । अब आईएमसी टीम पूर्व में ही जाती है । हम राज्यों को सूचित करते हैं । राज्य उस सूचना का संज्ञान लेकर जब हमें सूचित करता है, तो हम जाते हैं । हम उनके आवेदन का, अनुरोध का इंतजार नहीं करते । चक्रवात जोखिम शमन और मोचन हेतु डीसीआरए और डीएसएस टूल विकसित किया गया है । राष्ट्रीय रिमोट सेंसिंग सेंटर द्वारा बाढ़ प्रभावित राज्यों का मानचित्र तैयार किया गया है ।

भवन निर्माण सामग्री और प्रौद्योगिकी संवर्धन परिषद द्वारा डिजिटल एटलस विकसित किया गया है । हिमालय के क्षेत्र में 28 हजार हिमनद झीलों का व्यापक डेटा तैयार किया गया है । इसका परिणाम यह है कि सुपर साइक्लॉन में 10 हजार मौतें हुईं, जबकि बिपरजॉय और दाना में जीरो कैजुअलिटीज हुई हैं ।

महोदय, लू से वर्ष 2015 से ठीक पहले 2 हजार 40 लोगों की जानें गई थीं, जो वर्ष 2024 में घटकर 244 हो गई हैं । एनडीआरएफ ने भी अपने ऑपरेशन के माध्यम से बहुत लोगों की जान बचाई है । आईएमडी का सटीक मौसम पूर्वानुमान आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में आज बहुत उपयोगी है । हम उस नुकसान के पूर्वानुमान के आधार पर सजग होकर तैयारी करते हैं । आपदा रिस्पांस के संसाधनों की इन्वेंट्री का डेटाबेस आईडीआरएन तैयार किया गया है । एकल आपातकालीन नंबर 112 के साथ ईआरएसएस का विस्तार हुआ है । आंकड़े एकत्र करने और डीआरआर के लिए नैशनल डिजास्टर मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम का विकास हुआ है । इंडिया यूनिवर्सिटीज एंड द इंस्टीट्यूशन्स नेटवर्क फॉर डिजास्टर रिस्क रिडक्शन की स्थापना हुई है । अब तक 318 संस्थान इस नेटवर्क में शामिल हुए हैं ।

एनडीआरएफ द्वारा स्कूलों में सुरक्षा कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं । क्षेत्रीय संगठनों जैसे एससीओ, बहुक्षेत्रीय तकनीकी और आर्थिक सहयोग हेतु बंगाल की खाड़ी पहल, बिम्सटेक और हिंद महासागर रिम एसोसिएशन के तहत आपदा प्रबंधन पर क्षेत्रीय सहयोग बढ़ा है । राज्य सरकारों को वर्ष 2015-20 की तुलना में वर्ष 2021-26 में एसडीआरएफ के आवंटन में आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में वित्तीय सहायता प्रबंधन बहुत आवश्यक होता है ।

एसडीआरएफ के आवंटन में 109 प्रतिशत से ज्यादा वृद्धि की गई है । देश में पहली बार वर्ष 2021 में नैशनल डिजास्टर मिटिगेशन फंड का प्रावधान किया गया है । वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के मध्य एसडीआरएफ में मात्र 38 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान था ।

<u>15.00 hrs</u>

जो वर्ष 2014 से वर्ष 2024 तक तीन गुना बढ़कर 1,24,000 करोड़ रुपये हो गया है । एनडीआरएफ को भी वर्ष 2004 से वर्ष 2014 के बीच 28,000 करोड़ रुपये जारी किए गए थे, जो वर्ष 2014 से वर्ष 2024 तक तीन गुना बढ़कर 79,000 करोड़ रुपये हो गया है । इस प्रकार देखा जाए तो इन दस वर्षों में जारी की गई राशि में तीन गुना की वृद्धि हुई है ।

महोदय, मैं जरूर आग्रह करना चाहूंगा, चूंकि वर्ष 2047 तक भारत को ?विकसित भारत? बनाने का संकल्प लिया गया है और यह विधेयक आज के समय की जरूरत है । इसमें सभी मॉडर्न डायनामिक्स परिभाषित किए गए हैं ।

इस विधेयक के पारित होने के साथ ही, जो भी प्रभावित लोग हैं, आपदा के कुशल प्रबंधन से निश्चित रूप से उस क्षेत्र में इतनी कामयाबी हासिल होगी कि हम नुकसान को कम कर पाएंगे और जान-माल के नुकसान को भी कम कर पाएंगे । इसलिए, इस विधेयक को लाना जरूरी था । माननीय प्रधानमंत्री जी ने आपदाओं से प्रभावित उन लोगों के दर्द को अपना दर्द समझा है । माननीय गृह मंत्री जी यह विधेयक लेकर आए हैं । हम सदन से आग्रह करेंगे कि इस विधेयक को सर्वसम्मति से पारित किया जाए । धन्यवाद ।

माननीय सभापति **:** प्रस्ताव प्रस्तुत हुआ:

?कि आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 का संशोधन करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए ।?

Hon. Members, it is an important Amendment Bill regarding Disaster Management. So, I would request all the Members to be present here and give their important views.

Now, I would request Dr. Shashi Tharoor to initiate the discussion.

DR. SHASHI THAROOR (THIRUVANANTHAPURAM): Thank you very much, Mr. Chairman.

I rise today in opposition to the Disaster Management (Amendment) Bill 2024 moved by the hon. Minister because it is a disaster. I would like to elucidate our perspective on the legislation. We had great expectations of it, but it appears to have been taken out of the oven half-baked and rushed into this hallowed chamber clamouring to be passed. That this Bill is even being debated in the Parliament is miraculous because several of my colleagues in the Opposition pointed out on the 1st August 2024, when the hon. Minister of State introduced this Bill, that this legislation was brought under Entry 23 of the Concurrent List of the Constitution.

Mr. Chairman, you do not have to be a Constitutional expert to realise that social security and social insurance, employment and unemployment, which are subjects of Entry 23 do not even remotely cover Disaster Management. Now, the matter that had the Government actually try legislating on the issue of unemployment, unemployment in India might not be in such disastrous shape but चलो, कोई बात नहीं, चलेंगे । We will carry on.

But anyway, here we are with a Bill hurried into the Parliament on a constitutionally untenable and federally unviable ground and with a host of other drawbacks that diminish even the little imagination that the Centre has sought to display.

Now, before the Treasury Benches accuse the Opposition of opposing just for the sake of it, let me reassure them that I find myself in agreement with the rationale for this Bill that the Minister has just explained. In my first Parliamentary term, I was the Convenor of the Parliamentary Forum on Disaster Management which has since been abolished by the NDA Government. Yes, the Disaster Management Act of 2005 was in need of rigorous reform. And yes, there is a pressing need to streamline our sprawling and scattered disaster management framework which, despite the best of intentions, ends up causing inordinate delays in the worst moments failing to rescue our fellow Indians caught up in disasters.

Now, we see and he is right to say human lives, infrastructure, mother nature and all of these things are affected by disasters. But we, as MPs from Kerala, understand this very well. Yet, far from strengthening and making effective our crisis management mechanisms and far from bringing, as the Minister just promised, more clarity and convergence to our prevailing disaster management instruments and institutions, it actually exacerbates the problem. Sadly enough, it was an ill-thought-out, overlapping and convoluted distribution of powers amongst the authorities and committees, and it envisages or retains from the current Act. The net result is a greater centralisation of the Disaster Management Act, 2005 and a top-down approach that would create a chain of command so complicated and heavy that it may collapse under its own weight before even mitigating, much less preventing, any horrific disaster like the landslides in Wayanad, which were the most devastating landslides in Kerala?s history.

On the 3rd of August, Mr. Chairman, after my hon. colleague from Wayanad visited, I made an emotionally crushing visit to Wayanad and assisted in the distribution of relief supplies gathered by the MP office in my constituency of Thiruvananthapuram. Picking my way through the rubble to view the destruction of

Mundakkai, Chooralmala, and Punchiri Mattam, I beheld massive JCBs rumbling, where, till five days previously lavishly green hilly villages had sprawled beneath great blue skies. At a hospital suffused with the anguish of countless Indians, whose homes and dreams were pulverized by bombardment of rocks and boulders, in the early hours of 30th July, I met a young survivor who had endured inconceivable horrors, just eight years old. She had lost her father, mother, brother, sister, grandfather, and grandmother, and sustained numerous injuries from broken bones to a heavily bruised face. As I saw her propped up in bed, immersed in a colouring book, desolation gripped me. We should have been able to prevent, to predict better what was to come, prepare for it, and even to prevent it. But we failed at all of these. The wails of Wayanad and the scenes of devastation and despair that greeted me there and my colleagues who have been there, and in the relief camps, will forever haunt me.

All of us together owed it to the more than 480 people who perished in Wayanad, and an equally staggering number who were grievously injured, to ensure that no Indian citizen in any part of our country ever again has to endure such a gruesome fate. But this Bill, I am afraid, does not guarantee that. Right off the bat, this Bill promises, as I mentioned, greater clarity and convergence in the roles of authorities and committees working in the field of disaster management. But in reality, it confuses and complicates and typically just concentrates power in the hands of the Central Government. This is evident when the Bill accords statutory status to the National Crisis Management Committee and the High-Level Committee, both of which predate this Bill, but without explaining why. Pursuant to clause 6, the Cabinet Secretary will chair the National Crisis Management Committee, with the Central Government deciding everything, who will be part of it, who will be invited to participate in its meetings, what powers it will exercise, the functions it will perform, and even what procedures it will follow in exercise of the power and discharge of its functions. In other words, though on paper it will be the nodal body to deal with major disasters, in reality it will be a creature of the Central Government, a timid creature. Nowhere does the Government stipulate that such a crucial body should necessarily have ecologists, environmentalists, experts of various kinds who can help us predict, prevent, prepare for, and mitigate natural disasters. This disdain for expertise is a recurring theme of this Bill.

Now, given that we already have a National Executive Committee, which is empowered to act as a coordinating body, a National Disaster Response Force for targeted responses and the overarching National Disaster Management Authority,

what is the utility of this Committee? Will it not just serve to convolute the chain of command; to delay response time in situations where tardiness can result in the loss of tens of thousands of lives? Further complicating the chain of command and vesting yet more powers on the Central Government is this: Pursuant to Section 8(b) of this revised Act, the Centre is to constitute a high-level committee with a Union Minister as Chairperson for approving financial assistance under sections 46 and 47, the National Disaster Response Fund, and the Mitigation Fund. Now, ultimately both these funds shall be applied in accordance with the guidelines laid down by the Central Government in consultation with the NDMA. So, there is no autonomy to this high-level committee. So, once again the question arises, what exactly shall be the powers of the statutory body? This Bill institutionalizes inadequacies and inefficiencies, especially at the Central Government level. Whereas pre-existing bodies with functions not clearly demarcated, overlapping with those of other institutions, have been given statutory recognition, the National Disaster Management Authority, the national linchpin of this Act, remains enslaved to the Ministry of Home Affairs and has no administrative or financial powers of its own, having to route even its minutest decisions through the Home Ministry, a needlessly arduous and time-consuming process. It has also been reported in the media that the NDMA is massively understaffed. I was hoping the hon. Minister would address that in his reply at least, if he has not done so in his introduction.

It has to stop somewhere and for better coordination of disaster management and mitigation efforts, the NDMA should have been upgraded to a Department of the Government of India, even if not to a Ministry, but it remains subordinate to the Home Ministry. Even the question of its leadership has not been satisfactorily addressed. It is officially chaired by the Prime Minister. NDMA is normally overseen by a Vice Chairperson, who has the rank of a Union Cabinet Minister, but bafflingly, clause 3 of this Bill says, ?any member of the NDMA is authorized to perform the day-to-day functions of the Authority?, forgetting that the political heft of a Ministerial rank is vital for dealing with the States and other Ministries and Departments of the Union.

Mr. Chairman, this Bill, in its ostensible pursuit to decentralise the decision-making process regarding funds manages to do something utterly bizarre. It dilutes the entire purpose of the National Disaster Response Fund by removing the specific uses for which the fund was intended. One of the most pressing criticisms of the old Act was the excessive centralisation of fund allocation. Many of our States have complained about this, especially when disasters are categorised as "severe?. The

debilitating human cost of such a disaster demands from the Centre a sense of urgency, completely absent in the proposed framework. The Centre is bereft of this sense of urgency, let alone of any compassion. It has been proved very often, especially when disaster relief funds from the NDRF were callously denied to Tamil Nadu and only disbursed to Karnataka only after an inordinate delay.

In 2023, when Tamil Nadu and Karnataka found themselves on the brink of catastrophe, they were compelled to move the Supreme Court to access the much-needed NDRF funds, funds they had a rightful claim to. ? (*Interruptions*) Yes, Himachal has been mentioned. Others, I am sure, will do so. Let me speak of the cases I know. In Karnataka, 196 out of 236 taluks had been officially designated as "severely drought-affected" by the Inter-Ministerial Central Team with the Sub-Committee of the National Executive Committee even recommending financial aid for the State, but despite this, the Congress-ruled State, I admit, had to wait over six months to receive the funds, long after the prescribed one-month period following the IMCT report. This deplorable delay deprived the State of the essential resources to protect its citizens, and frankly violated the Fundamental Right to Life of the people of Karnataka. Tamil Nadu suffered a similar fate as well, especially in the aftermath of Cyclone Michaung, when there was a dearth of necessary funds and the Central Government was indifferent.

While we in Kerala had long been demanding that the Wayanad landslide be declared a "national disaster," this request was dismissed in a letter to me by the MoS Home on the 10th of November claiming that there were sufficient funds in the State Disaster Relief Fund. The justification provided was that the existing guidelines under the SDRF and NDRF offer no provisions for such a declaration. The lack of financial aid from the NDRF, under the perversely misguided assumption that the SDRF funds would suffice, has left us in an unenviable position. With no interim aid forthcoming, Kerala has been left with no option but to insist on the declaration of the landslide as a Level-3 disaster which will at least allow us for the mobilisation of some resources and support. But many of us had raised this much earlier. No sooner had the landslides ravaged Wayanad, I wrote to the hon. Home Minister on the 31st of July, requesting him to recognise this monumental cataclysm as a "calamity of severe nature" in terms of Paragraph 8.1 of the MPLADS guidelines, so we could have all helped at that time. We could have recommended works up to a crore of rupees from the MPLADS funds, but the request was ignored. The Minister of State wrote to me in early November to tell me that an Inter-Ministerial Central Team (IMCT) had visited Wayanad from 8th to 10th of

August, and the Central Government would take action based on its request. They are supposed to take action within one month, according to the existing Act. To this date, no action has been taken and no additional funds have been arranged for Wayanad. How can we accept this?

This Bill, Sir, is an excellent case of minimum decentralisation, maximum declamation, at which, of course, this Government excels. Indeed, even one of this Bill's better provisions is undermined by the Government's refusal to walk the talk. I refer to the creation of separate Urban Disaster Management Authorities in State capitals and cities with municipal corporations, except Delhi and Chandigarh. This has been introduced to foster greater coordination than what is possible under the Disaster Management Authorities in our big urban centres. But even while it takes a step, which otherwise I would have applauded, the Centre fails to provide any necessary financial devolution.

Without it, this measure will be toothless. While the Government appears to have recognised that district administrations across India should tackle emerging threats on their own terms and in line with local conditions, it has overlooked the dismal fact that in our country the total municipal expenditure accounts for barely 0.79 percent of the GDP. Where is the money? Given that this Bill focuses on disaster risk reduction rather than post-disaster management, it is crucial that the Government realise that urban local bodies need to be financially empowered, as in other countries, to amass resources to institute, equip, and run Urban Disaster Management Authorities and discharge their risk reduction obligations to the letter. For risk reduction activities to be conducted at the local level, the creation of infrastructure that bolsters the vitality and vigour of urban local bodies is vital. But this Bill is silent on this issue, offering no real resources to revitalise India?s urban local bodies. Creation of these bodies could have been a good step towards sustainable urban spaces, but it will be useless without effective devolution of finances and authority. This half-baked provision needs to be amended.

Another damaging aspect of this Bill is that it seeks to weaken the National Executive Committee and the State Executive Committees which are staffed to the level of Secretaries to the Governments of India and the States which are supposed to formulate national-level and State-level disaster management plans. If this Bill passes, the NDMA and the SDMAs will instead assume this power. At the same time, these Committees will remain the coordinating bodies for relief, rehabilitation, and reconstruction during and after natural disasters, saddling them

in effect with the responsibility for exercising disaster management plans that they did not formulate. You execute something that you did not actually come up with. This flies in the face of the complete logic of the original purpose of these Committees which was to foster greater collaboration amongst various Ministries of the Union and the State Governments. Where is cooperative federalism here? The Bill?s major weakness has throughout been its inability to innovate on institutional mechanisms to deal with disaster risk. Although it achieves coordination for greater risk management, it offers no clarity on how to achieve such coordination in practice amongst a wide range of institutions, split both vertically and horizontally, and including non-Government, private, and civil society elements.

By the way, Mr. Chairperson, the Minister has not noted this. Disaster relief, rehabilitation, and reconstruction is still not a justiciable right in India. The Indian State has for far too long undertaken relief measures as an obligation, not a duty. It must discharge that duty in fulfilment of its citizens? inviolable rights. This has been an issue for years. But the Bill would have been an opportunity to fix it because we are learning lessons from what has not worked in the earlier version. You have been stretched. You will, of course, carry out relief assistance up to your whims and your political expediency. You may provide *ex-gratia* compensation. You may provide relief items, compensation for destruction of houses, destruction of boats, fishing equipment, farming equipment, etc. But all of this will vary from place to place. It must change. Disaster relief must be a fundamental right of all Indian citizens.

It is also important to point out one important negative factor of this Bill that testifies to its lack of imagination, creativity, and reluctance to accept the bleak realities of our environment. On 25th of July, the hon. Minister of State for Science, Technology and Earth Sciences told this House that the Government has no plans to classify coastal erosion or heat waves as notified disasters under the Disaster Management Act, 2005. This is crazy. We need to expand the list of notified disasters. Given our own experience, since the Act was passed in 2005, to this day, the disasters eligible for assistance under the NDRF remain limited to cyclones, floods, droughts, earthquakes, landslides, and so on. Coastal erosion and heatwaves are conspicuously absent. This narrow, outdated definition of ?disaster? stands in contrast to the growing global consensus that recognises coastal erosion and heatwaves as climate-related disasters.

The devastating impacts of these calamities on eco-system, on human health, are no longer matters of debate. My own constituency has lost 65 square kilometres to coastal erosion since I became the MP. I have said in this House, and in a letter to the Prime Minister, if we had lost one inch to the Chinese, we would have made it a national issue. We have lost 65 kilometres to natural disasters we do not seem to care. I am sorry, Sir.

According to the All India Meteorological Department, 2024 has witnessed already a staggering 536 heatwave days, the highest in nearly 14 years, and between 2013 and 2022, heatwaves and sunstrokes claimed more than 10,000 lives and yet the Government obdurately refuses to acknowledge this disaster looming over us.

The Disaster Management Act was passed over nineteen years ago. It might not have anticipated that climate change would get so bad and that coastal erosion and heatwaves would transmogrify into such a formidable challenge in the future. But why not this Bill? If this Bill has learnt any lessons in the last nineteen years, it should show them here. Why could it not devise a mechanism to grapple with this burgeoning crisis? Though the Disaster Management Act?s definition of a disaster is actually broad enough to encompass climate-induced events, its statutory list remains static and unimaginative. It obstinately ignores the realities that our citizens are enduring. This is a dangerous oversight, as the impacts of such events ? widespread loss of life, destruction of livelihoods ? are no less severe than the devastation wrought by floods or earthquakes.

In failing to adapt, we risk exposure to avoidable calamities. The Government demonstrates its indifference to the plight of those numerous Indians who perished because of a heatstroke or lost their homes and livelihoods to coastal erosion. Therefore, the NDMA needs to enhance its capacity to prevent climate change from becoming disasters, such as unprecedented landslides in Wayanad?s case, heat waves, and storms. Let us not forget that among the primary contributors to the Wayanad calamity were a host of issues, not just excessive rainfall as the Home Minister has mentioned. These were, widespread deforestation, with 62 per cent of Wayanad?s forests having disappeared since 1950; ceaseless soil erosion, made more relentless by rainwater seeping into loose topsoil, which reduces soil cohesion and contributes to landslides; and soil piping: the formation of underground tunnels because of subsurface soil erosion. The fact that I want to say very simply is that climate change is worsening the situation,

especially with more flash floods and landslips being triggered by merciless and ruthless monsoons.

With the warming of the Arabian Sea creating deep cloud systems, which result in brief spells of ruthlessly intense rainfall, Kerala will be yet more vulnerable to landslides. We must take stock of these facts, uncomfortable though they may be and seek to confront them head on. ? (*Interruptions*) Sir, I will wrap up. I just need two minutes for one last point. We wanted this Bill. We wanted it to be imaginative and innovative. But we have seen none of that. We have not seen financial and administrative preparedness. Instead, it is just a testament of the Government?s insistence to rush it through Parliament. But let me ask the hon. Minister in all earnestness: What good will bulldozing this Bill through Parliament do if it cannot prevent another Wayanad? Where are the provisions for disaster prevention, like landslide-mapping and coastal protection measures? It will not do India and Indians any good merely to create a framework that does not actually devolve any powers upon the States, upon local urban bodies, upon self-government units in our country. What is needed is a stricter streamlining of a scattered policy framework that has far too many authorities and bureaucratic muddles, an end to the concentration of powers in the Centre?s hands, and a genuine attempt to learn from our failures at navigating past disasters and keeping up with the challenging realities of our climate change.

A revised Bill should allow for expertise independent of committees, streamline and clarify the role of each of the newly introduced bodies ? (*Interruptions*) and give the MPs a right to be heard. ? (*Interruptions*) I am just finishing. It should make disaster relief a legal right, and revive the Parliamentary Forum on Disaster Management to give the MPs? views a chance to be heard. This Bill does not have any of these qualities. Therefore, it must be returned to the drawing board. And I urge the Minister to withdraw the Bill.

Thank you very much. Jai Hind.

श्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत (हरिद्वार) : सभापति महोदय, आज मैं आपदा प्रबंधन (संशोधन) विधेयक, 2024 और उत्तराखंड में बार-बार आने वाली आपदाओं की ओर सदन का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं । पहले मैं जिक्र करना चाहूंगा कि यह विधेयक शहरी क्षेत्रों के लिए शहरी आपदा प्रबंधन प्राधिकरण और और राज्य की राजधानियों में यूडीएमए स्थापित करने का प्रस्ताव करता है । यह एक नई अवधारणा है और निश्चित रूप से यह बहुत कारगर साबित होगी । जो आपदा प्रभावित क्षेत्र हैं या आपदा से पहले जो आवश्यक प्रबंधन करने होते हैं, उसे करने में यह सफल होगा । इसमें राष्ट्रीय और राज्य आपदा डेटा बेस का प्रावधान किया गया है जो 72 जोखिम आंकलन और संसाधन आबंटन में मदद करेगा ।

तीसरा विषय यह है कि राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, एसडीआरएफ का गठन, राज्य सरकारों को स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षित आपदा प्रतिक्रिया कर्मियों को तैनात करने की अनुमति देगा । यह बहुत ही महत्वपूर्ण है, क्योंकि राज्य की जो परिस्थितियां हैं, जो स्थानीय प्रशासन है, वे ज्यादा बेहतर तरीके से समझते हैं । निश्चित रूप से राज्यों में इनकी तैनाती की अनुमति देने से पूरे देश के राज्यों को इसका लाभ होगा । विशेष रूप से जो पर्वतीय क्षेत्र हैं, चाहे वे उत्तराखंड हो, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर या पूर्वोत्तर के राज्य हों, वहां पर आपदा प्रभावित स्थल अक्सर बहुत दुर्गम होते हैं । जब इस प्रकार की परिस्थितियां उत्पन्न होती हैं, तो कई बार वहां की नेटवर्क भी प्रभावित होती है । वहां सड़कें टूट-फूट जाती हैं, उन पर आना-जाना मुश्किल हो जाता है । उस समय वहां हवाई सेवाएं भी बाधित हो जाती हैं । ऐसे में जोखिमों का आंकलन और आपदा डेटा बेस के आधार पर संसाधन आबंटन करने में निश्चित रूप से प्रतिक्रिया बल को मदद मिलेगी ।

जो शहरी योजना का प्रावधान किया गया है, शहरी आपदा प्रबंधन प्राधिकरण स्थानीय स्तर पर योजनाओं को तैयार करेगा और उनका कार्यान्वयन सुनिश्चित करेगा । इसमें व्यवस्थाओं का विकेंद्रीकरण किया गया है । मैं समझता हूं कि इन्हें विकेंद्रीत करने से अधिकतम समाजिक संगठन, प्रतिक्रिया बल को इसमें इंवॉल्व करके जो जिम्मेदारियां दी जाएंगी, स्थानीय आधार पर जो स्थानीय आवश्यकताओं की जरूरत होती है, उसे ध्यान में ही रख कर आगे योजना बनाई जाएगी और प्रभावित लोगों को उससे मदद मिलेगी ।

मैं जलवायु परिवर्तन और जोखिमों के आंकलन के बारे में कहना चाहता हूं कि विधेयक जलवायु से जुड़े खतरों का नियमित मूल्यांकन करने पर जोर देता है, जिससे जलवायु प्रेरित आपदाओं जैसे ग्लेशियर, लेक्स का फटना, फ्लड्स और अनियमित मौसम पैटर्न के लिए बेहतर तैयारी की जा सकेगी । आज इस तरह की परिस्थितियाँ का निर्माण हो रहा है । आज कहीं न कहीं देश और दुनिया यह महसूस कर रही है कि इको-सिस्टम में कुछ परिवर्तन आ रहा है । मौसम में भारी बदलाव देखने को मिल रहा है । ऐसी परिस्थितियों में ये जो अमेंडमेंट्स किए गए हैं, उनसे समय पूर्व आंकलन करने में सुविधा होगी । प्रारंभिक चेतावनी और निगरानी एवं इसमें एआई के इस्तेमाल करने की जो बात है, उससे दुर्गम क्षेत्र में, जहां पर अकस्मात आपदाएं आती हैं ।

उनका कई बार पता भी नहीं चल पाता है और उससे बचने के लिए बहुत कठिनाई होती थी । उसमें एआई का इस्तेमाल करके चेतावनी प्रणाली विकसित की जा रही है । उससे समय पूर्व जब चेतावनी दी जाएगी तो उससे जो जान-माल का खतरा है, वह बच सकेगा । पुनर्वास के बजाय पुनर्प्राप्ति सहायता ? यह एक महत्वपूर्ण सुधार है । जो आपदा पीड़ित हैं, उनकी सहायता के लिए बहुत ही सकारात्मक सुधार किया गया है ।

महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि जो आपदा है, इसके कारण नौनिहाल, महिलाएं, गर्भवती महिलाएं हैं, जो बच्चे पढ़ रहे हैं, शिक्षण संस्थाओं में हैं, उनका जीवन बहुत बुरी तरह प्रभावित होता है । विशेषकर नौनिहालों का जीवन प्रभावित होता है, क्योंकि आपदा के समय विस्थापन अनिवार्य हो जाता है । हम जहां पर विस्थापन करते हैं, वहां पर उनकी जो शिक्षा, स्वास्थ्य और देखभाल है, वह प्रभावित होता है । अगर हम यूनिसेफ के आंकड़े पढ़ेंगे तो वे बहुत चौंकाने वाले हैं । पिछले दस सालों में लगभग 3 करोड़ 70 लाख बच्चे इससे प्रभावित हुए हैं । उनका जो मानसिक विकास है, वह प्रभावित हुआ है और उनका शारीरिक विकास प्रभावित हुआ है । उनके परिवार का आर्थिक ढांचा, आर्थिक स्वरूप भी पूरी तरह से प्रभावित हुआ है । ऐसे में जो प्रावधान इस एक्ट में किए गए हैं, जो सुधार इसमें किए गए हैं, मैं समझता हूं कि उससे निश्चित रूप से नौनिहालों को या हम यह कहें कि जो देश का भविष्य है, भावी भारत है, उससे भारत सुदृढ़ होगा । वे बच्चे देश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका आने वाले समय में निभा सकेंगे । इसी तरह से जब आपदाएं आती हैं, तो हमारे जो वन्य जीव हैं, वन सम्पदा है, वह बहुत ज्यादा प्रभावित होती है । जो वन सम्पदा है, वन्य जीव हैं, इससे बहुत डिस्टर्बेंस होता है और उसमें भी इस बिल के कारण कुछ सुधार आएगा ।

महोदय, मैं सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । उत्तराखंड में गढ़वाल और कुमाऊं दो मंडल हैं । उनका जो सीमांत क्षेत्र है, वहां पर एक क्वारी गांव है । क्वारी गांव धंसाव पर है । ग्लेशियर से जो पिंडर नदी निकलती है, उसमें दो साल तक पानी में मिट्टी बहकर आती रही । वहां के जो जलीय जीव हैं, वे प्रभावित हुए हैं । उसके कारण उसके जीवन पर संकट आया है । यह आपदा केवल क्षणिक नहीं होती, बल्कि उत्तराखंड जैसे राज्य में जहां पर नाप भूमि है, उसके अलावा जो भूमि है, वह वन भूमि है । वन भूमि होने के कारण जब उनके विस्थापन की जरूरत होती है, उनको विस्थापित किया जाता है तो उनको विस्थापित करने में भूमि का भारी अभाव होता है । उसके कारण कई बार हम उन्हें स्कूलों में ठहराते हैं, पंचायत भवनों में ठहराते हैं । हमारी जो शिक्षा है, उसके कारण वह भी प्रभावित होती है, क्योंकि पहाड़ों में ढालधार खेत है । ऐसे में वहां पर उनके लिए टेम्परेरी व्यवस्था करने में भी बहुत बड़ी समस्या खड़ी हो जाती है । लोगों में एक तरह से भय का वातावरण बना रहता है । जो प्रभावित लोग हैं, उनका क्षेत्र चाहे कितना ही प्रभावित हुआ हो, वह अपने गांव को नहीं छोड़ना चाहता है । वह अपने गांव में ही रहना चाहता है, क्योंकि उसकी जो आजीविका का स्रोत है, उनकी जो खेती है, उसे बाहर खेत नहीं मिल सकते हैं और न ही उनके लिए उपलब्धतता होती है । इस अमेंडमेंट बिल में जो चेतावनी प्रणाली की व्यवस्था की गई है, एआई का सहारा लिया गया है, मैं समझता हूं कि उसके कारण इसमें तमाम तरह की सुविधाएं होंगी ।

उत्तराखण्ड एक ऐसा प्रदेश है, जहाँ पर बरसात के दिनों में भारी भू-स्खलन और लैंड इरोज़न होता है । वहाँ की उपजाऊ मिट्टी बहकर नालों में, नालों से नदियों में और नदियों के माध्यम से नीचे मैदानी भागों में चली जाती है और उसको उपजाऊ करती है । लेकिन वहाँ की उपजाऊ मिट्टी उससे प्रभावित होती है । मिट्टी में जो तमाम तरह के मिनरल्स होते हैं, उनका वहाँ पर अभाव होता है । वहाँ पर सामान्यत: ऑर्गेनिक खेती होती है और उससे हमारी खेती प्रभावित होती है । इसके साथ ही, उससे हमारा स्वास्थ भी प्रभावित होता है । एक उम्दा, एक स्वास्थ्यवर्धक अनाज के उत्पादन में स्वाभाविक रूप से कमी आती है । उससे जन-धन, पशुधन आदि सारी चीजें प्रभावित होती हैं । मैं समझता हूँ कि माननीय गृह राज्य मंत्री जी के द्वारा जो अमेंडमेंट प्रस्ताव रखा गया है, उससे निश्चित रूप से इन सब चीजों में मदद हो सकेगी । इन सारी चीजों का जो सोशियो-इकोनॉमी इफेक्ट पड़ता है, उसमें कहीं न कहीं कमी आएगी ।

